# नेतृत्व

हैंडआउट
(याद रखने के मुख्य संदेश)

अच्छा लीडर बनना, व्यक्ति के गुणों पर निर्भर करता है। अच्छे नेतृत्व के लिए किसी व्यक्ति में उपयुक्त व पर्याप्त गुण होना चाहिए| ये गुण उसमें हो भी सकते हैं और इन गुणों को विकसित भी किया जा सकता हैं।

हम नेतृत्व को कई जगह अनुभव करते हैं, खेल में किसी भी टीम में एक कैप्टन की आवश्यकता होती है, कार्यक्रम के आयोजन में मुखिया की आवश्यकता होती है, आदि।

प्रत्येक समूह के लिए नेतृत्व की आवश्यकता होती है, चाहे वह सामाजिक हो, धार्मिक हो, राजनैतिक हो या औद्योगिक।

किसी भी समूह, समाज या देश को एक अच्छे नेतृत्व के होने से ही सही दिशा मिलती है व वह आगे बढ़ सकता है। लीडर या टीम का कैप्टन किसी टीम को जीत दिला सकता है, तो उसे हार भी दिला सकता है। सफलता हासिल करने के लिए, जहां समूह या टीम के सदस्यों के बेहतर प्रयास का होना जरूरी रहता है, वहीं समूह के बेहतर नेतृत्व का भी बहुत महत्व है।

आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण गुण है जो एक अच्छा और समृद्ध नेता बनने के लिए होना चाहिए। एक नेता को लोगों को समझाने और यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास होना चाहिए कि उनके कार्यों में समाज में बदलाव लाने की शक्ति है। और वह टीम को लक्ष्य हासिल करने में मदद और प्रोत्साहित करता हो ताकि वह टीम के प्रत्येक सदस्य को शामिल कर और लक्ष्य की दिशा में अग्रसर करवाने में सक्षम हो।

सामान्यतः एक अच्छा लीडर वह हो सकता है जो प्रभावी हो - जिनके मन में एक लक्ष्य हो, जो तर्कपूर्ण हो | जिसमें लोगों को प्रेरित करने की हिम्मत हो |

लेकिन क्या इतना ही काफी है? प्रभावशाली नेतृत्व के लिए सिर्फ तर्कपूर्ण होना व प्रभावी व्यक्तित्व वाला होना पर्याप्त गुण नहीं है। प्रभावी होने के साथ-साथ, एक नेतृत्व करने वाले में अन्य सराहनीय लक्षणों की विविधता होनी चाहिए।

## अतः प्रभावी लीडर व सफल नेतृत्व हेतु निम्नलिखित गुण होना चाहिए:

1. **लक्ष्य उन्मुखी**
2. **सही निर्णय लेने की क्षमता**
3. **साहसी**
4. **उत्साही व परिश्रमी**
5. **जिम्मेदारी स्वीकार करना**
6. **सकारात्मक दृष्टिकोण**
7. **आत्मविश्वास और आशावादी**
8. **स्पष्टवादिता और विश्वसनीयता**
9. **लोगों से बेहतर संबंध**
10. **विनम्र और शालीन व्यवहार**



## इन्हे विस्तार से समझें तो:

**1. लक्ष्य उन्मुखी**



सफल लीडर लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित कर, सतत प्रयत्न करते हैं व अपने सहयोगियों को भी निरंतर दिशा देते रहते हैं। कभी कभी ये स्वयं बड़े लक्ष्य को कई छोटे छोटे सरल लक्ष्यों में तोड़ कर आगे बढ़ते हैं। लक्ष्य से न भटकने से, सफलता की राह पर चलना आसान हो जाता है। उद्देश्य पूर्ति के लिए यह सबसे बड़ा व आवश्यक गुण है।

**2 सही निर्णय लेने की क्षमता**

एक सफल लीडर में सोच विचार व दूरदर्शिता के साथ, निर्णय लेने की क्षमता होती है | विभिन्न परिस्थियों व समस्याओं के लिए, अनेकों पर्याय पर विचार करना व बुद्धिमत्ता के साथ निर्णय ले कर उस पर सहयोगियों को प्रयास हेतु उद्यत करना उसे आना चाहिए। किसी गलत निर्णय से नतीजे भी अच्छे नहीं आते है और टीम का मनोबल भी टूटता है। निर्णय तभी सही तरह से लागू किए जा सकते है, जब वे हर दृष्टिकोण से सही हो|

**3 साहसी**



साहसी होना भी सफल लीडर का एक बहुत आवश्यक गुण है| साहसी होने का अर्थ है - बिना डरे या बिना डिगे, मुश्किलों का दिलेरी से सामना करना| हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि बिना साहस के हम कोई भी दूसरा गुण लंबे समय तक धारण नहीं कर सकते|

एक लीडर में धैर्य और असीम साहस के साथ प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने की क्षमता होना चाहिए| उसे आगे बढ़कर चुनौतियों को स्वीकार करना आना चाहिए और कठोर परिश्रम करने हेतु सदैव तैयार रहना चाहिए| यह ध्यान रखिए कि मुट्ठीभर संकल्पवान लोग, जिनकी अपने लक्ष्य के प्रति व अपने नेतृत्व के प्रति आस्था है, समय की धारा बदल सकते है |

**4 उत्साही और परिश्रमी**

उत्साह सभी कोशिशों का स्रोत है और इसके बिना कभी कोई महान उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती। उत्साह और परिश्रम से ही कठिन से कठिन कार्य सिद्ध होते हैं| जो स्वयं परिश्रम करता है, वह दूसरों को भी सरलता से परिश्रम हेतु उद्यत कर सकता है। इस दुनिया में जितने भी सफल लीडर हुए हैं, और जिन्होंने असंभव को संभव बनाया है, उन सभी में एक प्रमुख गुण रहा है, और वो है उनका उत्साही और परिश्रमी स्वभाव।

**5. जिम्मेदारी स्वीकार करना**



लीडर का बेहद महत्वपूर्ण गुण ज़िम्मेदारी स्वीकार करना भी होता है। लीडर को कार्यों के प्रति स्वयं जिम्मेदार होने के साथ-साथ, अपने अधीन काम करने वाले लोगों की गलतियों और असफलता के लिए भी जिम्मेदार होना चाहिए। अपने साथियों या टीम का विश्वास जीतने हेतु, जिम्मेदारी को स्वीकार करने का साहस और दायित्वबोध होना चाहिए। जिम्मेदार होने का अर्थ यह भी है कि लीडर अपने हर काम को सहकारिता अर्थात एक-दूसरे को सहयोग देते हुए ऊपर उठाने की भावना से करता है।

**6 सकारात्मक दृष्टिकोण**

जैसे जिंदगी को सफल व खुशहाल बनाने के लिए हमें जिस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, वह है दृष्टिकोण। वैसे ही सफल लीडर को सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है| सही दृष्टिकोण बहुत बड़ा अंतर पैदा कर देती है | अच्छा लीडर मुसीबतों में भी अपना व्यवहार सकारात्मक रखता है, और ऐसा दृष्टिकोण, सकारात्मक विचारों की एक ऐसी श्रृंखला शुरू करता है, जो आगे चलकर सफलतम परिणाम देती है |

**7 आत्मविश्वास और आशावादी**

एक सफल लीडर को आत्मविश्वास से परिपूर्ण होना चाहिए, क्योंकि अपनी क्षमताओं पर जरा सा भी संदेह व्यक्ति को सफल नहीं होने देता| आत्मविश्वास से भरा हुआ लीडर अपनी टीम में भी आत्मविश्वास जगा देता है और उन्हे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित कर पाता हैं| एक आत्मविश्वासी लीडर ही वास्तव में आशावादी व्यक्ति हो सकता है| किसी भी स्थिति में आशा न खोए तो इससे लोगों का विश्वास बढ़ेगा और वे वास्तव में आपको अपना आदर्श मानेंगे।

**8 स्पष्टवादिता और विश्वसनीयता**



व्यवहार की सरलता और स्पष्टवादिता, लीडर को लोगों के बीच लोकप्रिय और विश्वसनीय भी बनाती है। एक सफल लीडर को स्पष्टवादी और विश्वसनीय होना चाहिए, ताकि उसकी टीम के साथी अपनी समस्याओं और कमजोरियों पर खुलकर चर्चा कर सकें। लोग ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में काम करना पसंद करते हैं, जो उनकी कमियों को सदभाव से लें और उन्हें दूर करने में उनकी हरसंभव मदद करें। स्पष्टवादी व्यक्ति, किसी से उसकी कमियों व त्रुटियों पर सीधे चर्चा कर के, उनके समाधान की दिशा में प्रयास करते हैं। एक अच्छा लीडर वही होता है, जिस पर उसके टीम के सदस्य पूरा भरोसा कर सकें।

**9. लोगों के साथ बेहतर संबंध**

सभी लोगों के साथ, मुख्यतः सहयोगियों के साथ, मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना भी एक आवश्यक गुण है। अच्छे लीडर को अपने साथियों के साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनसे अच्छा व्यवहार बनाए रखना चाहिए। इससे उन लोगों का सम्मान मिलता है व नेतृत्व करना सहज हो जाता है। लोगों के साथ आत्मीयता व अच्छे संबंध, लीडर के प्रति आस्था व विश्वास बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

**10. विनम और शालीन व्यवहार**

जिन्हें दूसरों से सहयोग की अपेक्षा हो या जो लोगों का नेतृत्व करना चाहते हों, उन्हे दूसरों के प्रति विनम्र और शालीन होना चाहिए। मिलनसार लीडर, अपने साथियों में आशा, विश्वास और जोश भरने में सफल होते हैं, व इस से लोगों के बीच उनकी छवि भी बेहतर होती है। यदि लीडर का व्यवहार शालीन है, तो वह उन विषयों पर भी सब की सहज स्वीकृति हासिल कर लेते हैं, जिन्हें लोग सामान्य अवस्था में मानने के लिए तैयार नहीं होते।

प्रभावी नेतृत्व से तात्पर्य आत्मविश्वास, ईमानदारी, प्रतिबद्धता, अखंडता, धैर्य, पारदर्शिता, रचनात्मकता, सकारात्मक दृष्टिकोण, खुला दिमाग, जिम्मेदारी को व्यक्त करने की क्षमता और प्रभावी रूप से संवाद करने की क्षमता सहित कई गुणों को अपने अन्दर समाए रखने से है।